EDII

Rajasthan Patrika

March 14, 2024
Page No. 02

गोवा के सीएम सावंत ने गुजरात के सीएम को लिखा था पत्र

ईडीआईआई अहमदाबाद के गोवा केंद्र का उद्घाटन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद के गोवा क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। केंद्र ने 'गोवा उद्यमिता योजना' को लागू करने की शुरुआत की है। ईडीआईआई इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। गोवा सीएसआर प्राधिकरण और ईडीसी लिमिटेड, गोवा नोडल एजेंसियां हैं। गोवा उद्यमिता योजना का उद्देश्य गोवा में स्टार्ट-अप, नए उद्यमियों और मौजूदा एमएसएमई को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर गोवा के उद्यमशीलता से संबंधित ईको सिस्टम को मजबूत करना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सावंत ने कहा कि गोवा भी स्टार्टअप नीति 2017 को लागू करने वाले पहले चार राज्यों में से एक है। यह एक ऐसे राज्य के रूप में विकसित हो रहा है जो विकास सुनिश्चित करने के लिए उद्यमशीलता की आकांक्षाओं का पोषण करता है। ऐसे में ईडीआईआई के साथ जुड़ाव उद्यमिता परिदृश्य को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने ईडीआईआई के गोवा केंद्र की स्थापना की सुविधा के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। सावंत ने गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दिखाई गई सक्रियता की सराहना भी की।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि विशेष रूप से गोवा में एसएमई सेक्टर में विकास की प्रक्रिया बहुत प्रभावी है और अनेक क्षेत्रों में यह नजर भी आ रहा है। नवाचार को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभा को सशक्त बनाने पर ध्यान देने के साथ यह पहल गोवा को स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

इस अवसर पर दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. मिलिंद कांबले, ईडीआईआई बोर्ड सदस्य संजय सातार्डेकर, गोवा सीएसआर प्राधिकरण के संयुक्त सीईओ डॉ. विजय सक्सेना, सरकारी परियोजना विभाग, ईडीआईआई के प्रभारी डॉ. अमित द्विवेदी उपस्थित थे।